राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(66)(1)RSSB/अर्थना/मा.शि.वि./पीटीआई ग्रेड–III/पा.जां/2018/1166 दिनांक : 26/09/19

–::कार्यालय आदेश::–

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 में प्रोविजनल एवं अपात्र अभ्यर्थियों हेतु सूचना

बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या 09/2018 दिनांक 04.05.2018 से शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के कुल 4500 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 3930 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 570) पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये गये थे। जिसकी परीक्षा दिनांक 30.09.2018 को आयोजित की गई थी एवं जिसका परिणाम दिनांक 29.01.2019 को जारी किया गया था। जिसमें वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया था। तदुपरांत विभाग की संशोधित अर्थना दिनांक 16.07.2019 से 155 एम.बी.सी (अति पिछड़ा वर्ग) के कुल अतिरिक्त पद प्राप्त हुए जिनको दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच हेतु दिनांक 24.07.2019 को सूचीबद्ध किया गया था। उक्तानुसार सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का 13.02.2019 से 19.02.2019 तक एवं उक्त कार्यक्रम में अनुपस्थित अभ्यर्थियों एवं दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु दिनांक 10.05.2019 को सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों का दिनांक 10.06.2019 से 13.06.2019 तक एवं अति पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों का दिनांक 05.08.19 से 07.08.19 तक साथ ही मा. उच्च न्यायालय के आदेश/श्रेणी संशोधन से रिक्त पदों के 1.5 गुणा अभ्यर्थियों की कट–ऑफ तक की सूची में शामिल हुये अभ्यर्थियों की दिनांक 19.09.19 को शिक्षा विभाग द्वारा गठित दलों द्वारा पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन किया गया था। इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रमाण पत्रों पर प्रदत्त अंको के आधार पर बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की SSO ID पर दिनांक 27.08.2019 को खेल अंको प्रकाशन किया गया था। जिनपर दिनांक 29.08.2019 सें 06.09.2019 तक आपत्तियां आंमत्रित करने से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का निस्तारण शिक्षा विभाग के दलों द्वारा किया गया था। तदुपरांत उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन पुनः बोर्ड की परिवीक्षण शाखा द्वारा किया गया।

अतः उपरोक्तानुसार शिक्षा विभाग एवं बोर्ड की परिवीक्षण शाखा द्वारा की गई पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित कारण के आधार पर प्रोविजनल अथवा अपात्र किया गया है। **उक्त सूची में अंकित अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति है तो वे दिनांक 03.10.2019 से दिनांक 18.10.2019 तक स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोपालपुरा देवरी, त्रिवेणी नगर चौराहा, गोपालपुरा, जयपुर पर प्रातः 10.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर अपनी आपत्तियों का निस्तारण करा सकेंगे। उक्त समयावधि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगाः–**

नोटः– प्रोविजनल एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूचियां पृथक से बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 30.09.2019 को अपलोड की जावेगी।

(डॉ. मुकुल बी. जांगिड़)
सचिव